तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025



11 सर दीजे बाह न छोड़िये, तेग बहादुर बोल्या धर पाये....





11 कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता: वशिष्ठ




## खबर संक्षेप

### अपहरण कर युवक को बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

**जींद।** युवक का अपहरण कर बेरहमी से मारपीट करने पर सफीदों थाना पुलिस ने छह लोगों को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छापर निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों आया हुआ था। उसी दौरान गांव सरफाबाद निवासी सोनू तथा उसके साथियों ने गाड़ी में डाल लिया।

### शॉर्ट सर्किट से मकान में रखा सामान राख

**जींद।** डेढ़ राज मोहल्ला में रविवार को वाशिंग मशीन में शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लग गई। जिससे घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग से मकान को काफी नुकसान पहुंचा है। डेढ़ राज मोहल्ला निवासी सुंडा राम ने कपड़े धोने के लिए वाशिंग मशीन चलाई हुई थी। जिसमें शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें आसपास रखे सामान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

### झगड़े में पांच घायल, चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** लोधर में रंजिशन हमला कर पांच लोगों को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव लोधर निवासी निवासी महाबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही नेकी परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते नेकी परिवार ने उसे रास्ते में घेर लिया और हमला कर दिया। बचाव में शोर मचाए जाने पर जब उसके परिवार के लोग पहुंचे तो उन्हें भी हमला कर घायल कर दिया।

### सड़क पर गिरी बोरियों पर चढ़कर पलटी कार

**कैथल।** कैथल में पूंडरी क्षेत्र के गांव पाई में कार सड़क पर गिरी धान बोरियों पर चढ़कर अचानक लकड़ी के गट्ठों से टकरा गई। इससे कार में सवार चार-पांच व्यक्ति घायल हो गए। पूंडरी थाना के सब इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि कार पूंडरी से राजौंद जा रही थी और गांव पाई के पास रात को करीब 10:30 बजे हादसा हुआ। कार के आगे एक धान की बोरियों से भरा ट्रक जा रहा था, जिसमें से कुछ बोरियां नीचे गिर गई।

### बाप व बेटे से मारपीट गाड़ी के शीशे तोड़े

**जींद।** गांव बोहतवाला में बाप व बेटे के साथ मारपीट करने तथा गाड़ी के शीशे तोडऩे पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अर्बन एस्टेट निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह तथा उसका पिता जोगेंद्र कार्यवश गांव बोहतवाला गए हुए थे। उसी दौरान उनकी कहासुनी कपिल तथा राजबीर से हो गई। दोनों आरोपितों ने डंडो तथा बिंडो से उन पर हमला कर दिया।

### फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि धान व अन्य फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर 30 नवंबर 2025 तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है। फसल अवशेषों में आग लगाने से रोकने और जनहित को ध्यान में रखते हुए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाई हुई है। इसके बावजूद भी यदि कोई फसल अवशेष में आग लगाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ बीएनएसएस 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### एक लाख 74 हजार 721 एमटी धान की हुई खरीद

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले की विभिन्न मंडियों में धान की आवक और खरीद कार्य पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रहे हैं। जिले की मंडियों में एक लाख 74 हजार 721 मीट्रिक टन धान खरीदी जा चुकी है।

# एएसआई संदीप लाठर जैसे अधिकारी राज्य की सेवा भावना के प्रतीक: प्रो. असीम

## महामहिम राज्यपाल पहुंचे जुलाना: मृतक एएसआई के परिजनों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष रविवार को जुलाना पहुंचे। यहां उन्होंने हाल ही में दिवंगत एएसआई संदीप कुमार लाठर के निवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। महामहिम ने संदीप कुमार लाठर की माता इंद्रावती, पत्नी संतोष, पुत्र विहान व पुत्री रूपक और अन्य परिजनों को सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने इस अवसर पर मृतक के बच्चों की शिक्षा के लिए अढ़ाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुखिया होने के नाते दिवंगत संदीप के देहांत से उन्हें व्यक्तिगत तौर पर भी गहरा आघात पहुंचा है। क्योंकि संदीप जैसे अधिकारी राज्य की सेवा भावना के प्रतीक होते हैं।



**जींद।** मृतक के परिवार को सांत्वना देते हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष।

**अपूरणीय क्षति**

महामहिम राज्यपाल ने कहा कि संदीप कुमार लाठर के निधन से समाज ने एक कर्मठ, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को खो दिया है। पुलिस विभाग को भी उनके जाने से अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। महामहिम के साथ उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष भी उपस्थित रही।

**ये रहे मौजूद**

गौरतलब है कि संदीप कुमार लाठर हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर रोहतक में तैनात थे। गत दिनों उनका निधन हो गया था। इस अवसर पर उनके साथ एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, कैप्टन योगेश बैरागी तथा गांव के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**जुलाना।** मृतक संदीप के परिजनों से मिलते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

**सहकारिता मंत्री बोले ▶▶| सबकी संवेदना परिवार के साथ**

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड चार निवासी संदीप लाठर के परिजनों को सांत्वना देने के लिए रविवार को सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा पहुंचे। यहां परिजनों को ढांढस बंधाते डा. शर्मा ने कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए दुखद घटना है। सबकी संवेदना परिवार के साथ हैं। परिवार से मिलने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ काफी केबिनेट के मंत्री और राज्यपाल भी आए। सभी ने आश्वासन दिया है कि जो भी सरकार से मदद होगी बिल्कुल की जाएगी। गौरतलब है कि 14 अक्टूबर को जुलाना के वार्ड चार निवासी संदीप ने चार पन्नों सुसाइड नोट लिख कर और विडियो क्लिप बना रिवाल्वर से गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। वीडियो में कई बड़े अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पुलिस ने मामले में चार के खिलाफ केस भी दर्ज किया है।



पुलिस गिरफ्त में स्कैनर लगवाने के बहाने मोबाइल व पैसों की ठगी करने वाला आरोपी।

# स्कैनर लगवाने के बहाने ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा, पंजाब और हिमाचल में लोगों से कर चुका धोखाधड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस ने साइबर अपराध व ठगी के मामलों में एसपी उपासना के आदेशानुसार प्रभावी कार्रवाई करते स्कैनर लगवाने के बहाने मोबाइल फोन व बैंक खातों से पैसे ठगने वाले आरोपी को सीआईए-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की भागल निवासी देवेंद्र की शिकायत के आधार पर थाना चीका में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को अज्ञात उसके पास आया और खुद को "यूपीआई स्कैनर बनाने वाला" बताकर उसे भी स्कैनर बनवाने की सलाह दी। युवक की बातों में आकर उसने मोबाइल उसे दे दिया, जिस दौरान आरोपी ने उसका यूपीआई पासवर्ड प्राप्त कर लिया और बाद में उसके एक लाख ट्रांसफर कर लिए थे।

**ये वारदातें कबूली**

- गांव खानपुर से करियाना स्टोर का मोबाइल फोन लेकर फरार।
- रसूलपुर रोड शराब ठेका पर बैठे व्यक्ति का फोन लेकर भागा।
- पोलड स्थित दूध डेयरी मालिक का मोबाइल लेकर फरार।
- 13 जुलाई को चीका फ्रूट मंडी के पास दुकानदार से ठगी
- 23 सितंबर को मंडी इस्माइलाबाद से दुकान से फोन लेकर फरार
- इस्माइलाबाद के करियाना स्टोर से भी फोन लेकर भागा।
- 18 सितंबर को धीमान आटा चक्की मटेडी अंबाला से फोन ले फरार
- लुधियाना से 8, रोपड़ से 3, जालंधर से 4 दुकानदारों को ठगा
- हिमाचल प्रदेश बद्दी से करीब तीन दुकानदारों के फोन लेकर फरार

## पूरा दिन अधिकारी लगे रहे व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए

# जिला नागरिक अस्पताल की जांच के लिए आज आएगी एनक्वास की टीम

**अस्पताल को पूरी तरह से चकाचक दिखाने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जांच के लिए एनक्वास की टीम सोमवार को निरीक्षण करने के लिए आ रही है। टीम के आने से पहले ही अस्पताल प्रशासन व्यवस्थाओं को बनाने में लग गया है। टीम द्वारा अस्पताल में साफ.-सफाई से लेकर मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच की जानी है। एमरजेंसी वार्ड से लेकर प्रसूति वार्ड में दाखिल मरीजों से भी बातचीत करेगी। टीम के स्वागत के लिए अस्पताल प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। अस्पताल में सफाई करवाई जा रही है। हालांकि अस्पताल में प्रतिदिन सफाई होती है लेकिन दीवारों की सफाई कम ही होती है। ऐसे में दीवारों लगी मिट्टी तथा जालों को उतारने के लिए कर्मचारियों के हाथों में लंबे-लंबे झाड़ू देखे गए। इन कर्मचारियों ने अस्पताल की दीवारों की सफाई की। इसके अलावा छत पर लगे जालों को भी उतारा। अस्पताल प्रशासन टीम के सामने अस्पताल को पूरी तरह से चकाचक दिखाने का प्रयास कर रहा है। वैसे भी अस्पताल के जीर्णोद्धार का काम पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में यदि टीम इस कार्य के पूरा होने के बाद आती तो और भी बेहतर रहता।

**कर्मियों ने सफाई व्यवस्था को किया दुरुस्त**



**जींद।** सफाई करते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

**सभी तैयारियां पूरी**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को अच्छी सुविधाएं दी जा रही हैं। सोमवार को एनक्वास की टीम अस्पताल का दौरा करने आ रही है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**काम के तरीके की भी होगी जांच**

एनक्वास की टीम अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की तो जांच करती ही है साथ ही यह भी देखती है कि अस्पताल के जो कर्मचारी है, वह कैसे काम करते हैं। नर्स से लेकर सिक्योरिटी गार्ड तक सभी के कामकाज को भी जांचा जाएगा। इसके अलावा आपरेशन थिएटर में सुविधाएं तथा यहां रखे सामान व उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी। वहीं अस्पताल में चल रहे आईसीयू में आक्सीजन सुविधा से लेकर जरूरी सुविधाओं के बारे में भी जांच होगी।

## 30 नवंबर तक हो पाएगा फायर सेफ्टी का पूरा काम

**अस्पताल प्रशासन ने रखी पीडब्ल्यूडी के सामने टाइमलाइन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 14 करोड़ 90 लाख से जीर्णोद्धार का कार्य लगातार जारी है। हालांकि यह कार्य अभी तक पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन हुआ नहीं है। इसी बीच अस्पताल के मुख्य गेट पर लगी सुंदर प्लाई सीट उखड़ गई हैं। हालांकि अभी तक यह नहीं पता कि यह कैसे उखड़ी लेकिन अस्पताल प्रशासन के अनुसार इसके किसी वाहन ने टक्कर मारी है। अस्पताल में फायर सेफ्टी का पूरा काम 30 नवंबर तक हो पाएगा। ऐसे में अस्पताल की सुरक्षा तब तक रामभरोसे ही रहेगी।

**समय निर्धारित**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बुलाकर बाकी बचे कार्य के लिए एक समय तय किया गया है। इसमें 30 नवंबर तक फायर सेफ्टी का कार्य भी पूरा हो जाएगा। यदि तय समय पर काम नहीं हुआ तो कार्रवाई के लिए निदेशालय को लिखा जाएगा। अस्पताल के मुख्य गेट पर लगी प्लाई सीट टूटने को लेकर सिक्योरिटी गार्ड से बातचीत की गई थी उसने कहा कि किसी ऊंचे वाहन ने इसमें टक्कर मारी है। फिलहाल वाहन का पता लगाया जा रहा है।

**कामों को निर्धारित किया**

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बुलाकर एक-एक काम का समय तय किया गया है। इसमें टाइल्स का कार्य 15 नवंबर तक, एसएनसीयू का कार्य 15 तक, फायर सेफ्टी का कार्य 30 तक, पार्किंग का कार्य 10 नवंबर तक, मुख्य गेट पर लाइटिंग का कार्य एनिमल कैचर तथा सड़क का कार्य 10 नवंबर तक होना तय किया है। इसके अलावा एक्सरे कक्ष का काम 10 नवंबर तक तथा रैंप का कार्य भी 10 नवंबर तक पूरा करने का आश्वासन अस्पताल प्रशासन का मिला है। वहीं कुछ और कार्य भी हैंए जो एक-दो दिन में पूरा किए जाने हैं। अस्पताल प्रशासन ने साफ कहा है कि जो समय निर्धारित किया गया हैए उसी समय यह कार्य पूरे होने चाहिएं।

# केबल चोरी गिरोह का पर्दाफाश, पांच दबोचे

**चोरी की वारदातों में प्रयोग औजार व सामान बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गढ़ी पुलिस ने केबल चोरी करने वाले सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों से वारदातों में प्रयोग किए गए औजार व अन्य सामान बरामद किया है। गढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि गत 20 अक्टूबर को सुखमीत ने धमतान साहिब चौकी में पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उएसके खेतों व अन्य किसानों के खेतों में लगे टयूब्वैलों से सबमर्सिबल केबलें चोरी कर ली हैं। शिकायत के आधार पर थाना गढ़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच प्रभारी मुख्य सिपाही कृष्ण कुमार ने तफ्तीश के दौरान थाना शहर टोहाना में दर्ज एक अन्य चोरी मामले से कड़ी जुडऩे पर पुलिस ने आपसी समन्वय से कार्रवाई को आगे बढ़ाया। गहन जांच के उपरांत पुलिस ने टोहाना क्षेत्र की टिब्बा बस्ती से आरोपित अंग्रेज उर्फ विकास, लखविंद्र उर्फ गंजु, शमशेर उर्फ गोलू, सावन, सोनू को गिरफ्तार किया। यह सभी आरोपित मूल रूप से पंजाब एवं हरियाणा के विभिन्न जिलों के निवासी हैं तथा फिलहाल टिब्बा बस्ती टोहाना में रह रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों ने चोरी में प्रयोग होने वाले औजारों को बरामद करवाया है।



**जींद।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। *फोटो :हरिभूमि*

### एक किलो 530 ग्राम चूरा पोस्त सहित तस्कर दबोचा

**जींद।** जिला में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए सफीदों पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को एक किलो 530 ग्राम चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एएसआई जलोरा सिंह सीआईए सफीदों टीम साहित गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि गांव रोहड के निकट एक व्यक्ति चूना पोस्त लिए ग्राह का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की की और बताए गए स्थान पर छापेमारी की। पुलिस को देख कर आरोपित भागने लगा। जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में आरोपति की तलाशी ली तो उसके पास चूरा पोस्त बरामद हुआ। जिसका वजन करवाने पर एक किलो 530 ग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में नशा तस्कर की पहचान गांव रोहड़ निवासी सुरजीत के रूप में बताई।

# रोड की हालत खस्ता, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव वजीरनगर को बालू गांव से जोड़ने वाली सड़क लगातार खस्ता होती जा रही है। गांव वज़ीर नगर में नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ जाता है, जिससे वहां गुजरने वाले राहगीरों को तो परेशानी होती ही है, इसके अलावा वहां रह रहे लोगों के लिए दुर्गंध फैलने व मच्छरों की वजह से डेंगू जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद ग्राम पंचायत यहां नालियों की कुछ हद तक सफाई करवा देती है। जबकि सड़क लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है। जिस वजह से वो भी इसके साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते। सड़क के ऊपर नालियों का निर्माण ठीक से नहीं करवाया है। पानी की निकासी सही से नहीं हो पाती व बार बार नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ जाता है।



**कैथल।** वजीरनगर को बालू गांव से जोड़ने वाली सड़क पर जमा पानी।

**तुरंत दुरुस्त करने की मांग**

मौके के हालात अब ऐसे हैं कि दो गांवों को जोड़ने वाली यह सड़क अब काफी जगह से धंसकर बैठ चुकी है। आने जाने वालों को बच बचकर सड़क पार करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग व स्थानीय प्रशासन से इसे तुरंत दुरुस्त करने की मांग की है।

**धर्म-कर्म** | प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के कठोर निर्जला व्रत का संकल्प लिया

# छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रती महिलाओं ने किया खरना, आज श्रद्धालु अस्त होते सूर्य को देंगे अर्घ्य

**जींद जिले में पूर्वांचल के लगभग सात हजार लोग रह रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

छठ महापर्व 25 अक्टूबर शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। रविवार को छठ महापर्व के दूसरे दिन यानी खरना रहा। व्रती महिलाओं ने सूर्यास्त तक उपवास रखा और भगवान सूर्य और छठी मईया को प्रसाद अर्पित कर अपना उपवास तोड़ा। प्रसाद के रूप में गुड वाली खीर और रोटी बनाई जाती है। हालांकि कई जगहों में अलग-अलग तरह के प्रसाद बनाए जाते हैं और फिर दोस्तों, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को खरना का प्रसाद बांटा जाता है। गौरतलब है कि जींद जिले में पूर्वांचल के लगभग सात हजार लोग रह रहे हैं। जोकि छठ महापर्व श्रद्धा से मनाते हैं। पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि भक्ति, आस्था और शुद्धता का प्रतीक छठ महापर्व देशभर में बड़ी श्रद्धा से मनाया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व अब अपने दूसरे दिन यानी खरना पर पहुंच गया है। नहाय, खाय से शुरुआत करने वाले व्रती अब 36 घंटे के निर्जला उपवास की ओर बढ़ चुके हैं। रविवार को छठ व्रती खरना मना रही हैं। इस दिन व्रती पूरे दिन बिना अन्न, जल के उपवास रखती हैं और शाम में मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से खीर और रोटी बना कर पूजा करती हैं। इसके बाद प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के कठोर निर्जला व्रत का संकल्प लिया जाता है। खरना का प्रसाद ही व्रती का अंतिम सात्विक भोजन माना जाता है, जो शरीर और मन दोनों को तपस्या के लिए तैयार करता है। सोमवार की व्रती अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगी। जबकि मंगलवार की उदयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी।



**पारंपरिक प्रसाद का खास महत्व**

धार्मिक मान्यता है कि खरना से लेकर पारण तक व्रतियों पर छठी मैया की विशेष कृपा बरसती है। यह पर्व शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का प्रतीक माना जाता है। खरना के प्रसाद में मौजूद ईख का रस और गुड़ त्वचा व आंखों के रोगों को दूर करता है और शरीर को निरोग बनाता है। पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि छठ पूजा पर व्रती जब प्रसाद तैयार करती हैं तो लोकगीतों की गूंज पूरे घर आंगन में फैल जाती है। पूजा में सिंदूर, चावल, बांस की टोकरी, दीपक, नारियल, शक्करकंद, पान, गंगाजल और ठेकुआ जैसे पारंपरिक प्रसाद का खास महत्व होता है।

# विदेश में रह रहा जानकार बन लगाया 9.20 लाख का चूना

- विदेश से रुपये भेजने का दिया था झांसा, बताई थी एजेंट को जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर ठगों ने विदेश मे रह रहा जानकार बन कर एक व्यक्ति को नौ लाख बीस हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना निवासी बलवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका जानकार विदेश में रह रहा है। गत तीन अक्टूबर को उसके व्हाट्सअप पर विदेशी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसके साथ जानकार बन कर बात की। परिवार के बारे में पूछने के बाद खुद को परेशानी में बताते हुए रुपयों की जरूरत बताया। फिर खाता नंबर लेकर उसके खाते में रुपये भेजने की बात कही। रुपये उसके एजेंट को देने को कहा। जिसके बाद उसने खाते मे रुपये भेजने की स्लीप भी भेजी। कुछ समय के बाद एक दूसरे नंबर कॉल आई। जिसने खुद को एजेंट बताया और खाता नंबर देकर राशि डालने के लिए कहा। वह 11 अक्टूबर तक वह आरोपित के खाते नौ लाख बीस हजार रुपये भेज चुका था। बावजूद इसके आरोपितों की डिमांड बढ़ती चली गई।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

## लाइफ Style

# उर्वशी



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गई। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सट्र्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की



हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'

# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।



**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

*मुंबई। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगी। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

### गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

### साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



### आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

### काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

### भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप

### पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेला शुरू

जींद। पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेले की शुरूआत हुई। फन फेयर मेले में नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने सपरिवार मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की और रिबन काट कर मेले की शुरूआत की। उनके साथ पत्नी सीमा भोला, बेटा कार्तिक भोला व शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। यहां शहर के लोगों के लिए मेले में कई तरह के स्टॉल, झूले लगाए गए हैं।

### जिला सीनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से

जींद। जिला बास्केटबॉल एसो. जींद द्वारा 31 अक्टूबर से एक नवंबर तक जिला सीनियर बास्केटबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन छोटू राम किसान कॉलेज जींद में किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान और सीआर कालेज में एसोसिएट प्रो डा. राजपाल ने बताया चैम्पियनशिप में जींद का कोई भी स्कूल, कॉलेज, अकेडमी, बास्केटबॉल क्लब भाग ले सकते हैं।

### सैनी सभा का चुनाव चौदह दिसंबर को

जींद। अर्बन एस्टेट स्थित सैनी धर्मशाला मे रविवार को सैनी सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सैनी सभा के प्रधान जिले सिह सैनी हैबतपुर ने की। बैठक में 14 दिसंबर को सैनी सभा का चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए संत लाल सैनी को चुनाव अधिकारी तथा रामेश्वरदास को सहायक चुनाव नियुक्ति किया गया। सभा के प्रधान जिले सिंह ने बताया कि कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब 14 दिसंबर को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियो की नियुक्ति कर दी गई है।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही वित्तीय सहायता

कैथल। डीसी प्रीति ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा निराश्रित बच्चों को हर माह 2100 रुपये प्रति बच्चा (अधिकतम दो बच्चे) पेंशन प्रदान की जा रही है। इस स्कीम में 0 से 21 वर्ष तक की आयु के बच्चें, जो पिता की मृत्यु होने पर सहायता एवं देखभाल से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने पर, माता-पिता की लंबी सजा होने के कारण या मानसिक व शारीरिक अक्षमता आदि होने पर निराश्रित हो जाते हैं।

### गन्ना बीजाई का कार्य 31 तक पूरा कर लें

कैथल। सहकारी चीनी मिल कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव दयौरा में आयोजित बैठक में किसानों से आह्वान किया कि क्षेत्र के सभी गन्ना उत्पादक किसान शरद कालीन गन्ना बीजाई का कार्य 31 अक्तूबर तक पूरा कर लें ताकि वे अधिक उत्पादन प्राप्त करके अधिक मुनाफा कमा सके। उन्होंने कहा कि सिंगल बड विधि, 4 फीट लाइन से लाइन की दूरी व अंतर्वर्ती फसलें जैसे सरसों तोरिया मेथी, मटर, चना, मसरी, लहसुन व गेहुं उगाकर किसान ना केवल गन्ने की पैदावार बढ़ा सकते हैं।

### अन्न का पड़ता है विचारों पर सीधा असर : ऊषा

राजौंद। कस्बा के प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विद्यालय की ओर से एक अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया,जिसमें संस्था से जुड़े दर्जनों भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मौजूद भाई-बहनों को उषा बहन ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज समाज में दिनोंदिन बिगड़ रहे आचार, विचार ओर व्यवहार को बिगाड़ने का मुख्य कारण मन पर अन्न का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों में प्रेम,भाईचारे की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी, जबकि आज ठीक उसके विपरीत हो रहा है।

### पुलिस की अपील- साइबर शातिरों से रहें सतर्क

कैथल। आज के युग में तकनीकी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, उसके फायदे भी है और नुकसान भी है ऐसे मे साइबर अपराधी तरह तरह के तरीके अपनाकर लोगो को विश्वास में लेकर उनके साथ ठगी को अंजाम देते है। जिला पुलिस ने एडवाइजरी के माध्यम से नागरिकों को सतर्क करते अनुरोध किया है।

## रागी जत्थों ने किया गुरु तेग बहादुर की महिमा का बखान

# सर दीजे बाह न छोड़िये, तेग बहादुर बोल्या धर पाये धरम न छोड़िये

### गुरु तेग बहादुर का 350 साला शहीदी दिवस को समर्पित महान गुरमत समागम श्रद्धा से मनाया

**कार्यक्रम में सैंकडों श्रद्धालुओं ने गुरु को नमन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरू तेग बहादुर का 350 साला शहीदी दिवस को समर्पित महान गुरमत समागम श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया गया। समागम को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सानिध्य प्राप्त हुआ एवं प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झींडा व कार्यकारिणी सदस्य सरदार करनैल सिंह के सहयोग से कार्यक्रम में सैंकडों श्रद्धालुओं ने गुरू को नमन किया। वहीं गुरमत समागम के आरंभ में 28 चाहवान संगत को अमृत पान छकाया गया तथा समागम के दौरान गुरु का अटूट लंगर सँगत के लिए लगातार देर रात तक चलता रहा।

गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार महान गुरमत समागम में सिख जगत के रागी जत्थे, कथा वाचक, ढाढी जत्थे एवं विद्वान संत महापुरुष अपनी अपनी हाजिरी भर कर गुरमत समागम की शोभा का हिस्सा बने। गुरमत समागम में स्थानीय गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब के रागी भाई जसबीर सिंह रमदसिया के रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन गायन किया। इसके बाद दरबार साहिब अमृतसर से आए हजूरी रागी भाई हरमनदीप सिंह के रागी जत्थे ने निरोल गुरबाणी कीर्तन करके संगतों का दिल मोह लिया। सिख जगत के प्रसिद्ध कथा वाचक बाबा बंता सिंह ने अपने प्रवचनों में सिख कौम को बहादुर कौम बताते हुए कहा कि हिंद दी चादर गुरु तेग बहादुर साहिब ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना शीश कुर्बान कर दिया। उनकी यह बेमिसाल शहादत पूरी मानवता के लिए प्रेरणा है।


जींद। गुरु की महिमा का बखान करते रागी जत्था। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

गुरमत समागम में विशेष तौर से सम्मलित हुए हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का गुरु तेग बहादुर साहिब का 350 साला शहीदी गुरपर्व बड़े स्तर पर मनाने पर आभार प्रकट किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद, गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**अपने कर्तव्य में पीछे मत हटो**

संत बाबा गुरविंदर सिंह मांडी वाले ने अपनी कथा में बताया कि गुरु जी का प्रसिद्ध कथन है बह जिनाहन दी पकरीये। सर दीजे बह न छोड़िये। तेग बहादुर बोल्या धर पाये धरम न छोडिये। यानी कि अपना सिर दे दो, लेकिन सही काम करने के अपने कर्तव्य में पीछे मत हटो। गुरू तेग बहादुर की बाणी में धार्मिकता, धर्म की रक्षा और मानवीय मूल्यों पर जोर दिया गया है। जिसमें उन्होंने लोगों को हिम्मत, साहस और निडरता से जीवन जीने का संदेश दिया है। संत बाबा राजिंदर सिंह इसराना वाले ने अपने संदेश में संगतों को भजन सिमरन तथा नाम व शब्द का अभ्यास करने पर जोर दिया। कार सेवा पिहोवा वाले संत बाबा महेंद्र सिंह, कार सेवा पटियाला वाले संत बाबा अमरीक सिंह ने विशेष रूप से गुरमत समागम में शामिल हो कर अपनी हाजिरी लगवाई। उनकी शिक्षाओं में डरो मत और भयभीत मत हो जैसे संदेश प्रमुख हैं और उन्होंने सुख, दुख, मान-अपमान जैसी सभी अवस्थाओं को समान भाव से स्वीकार करने की प्रेरणा दी।

## अक्षर भवन में काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय अक्षर भवन में जनवादी लेखक संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राममेहर सिंह खर्ब कमेरा ने की। सचिव मंगतराम शास्त्री ने बताया कि डा. अंग्रेज सिंह हरियाणा की क्रांतिकारी जनवादी रागनी की धारा के मुखर कवि थे। बांदा यूपी में संपन्न हुए जलेस के राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्टिंग भी प्रस्तुत की। बैठक में आगामी दिनों में जींद शहर में एक राज्यस्तरीय साहित्यिक समारोह करने का फैसला भी लिया गया। काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। सुधीर सिंह नैन, प्रवेश कुमार, पवन कुमार, विकास अफराज, प्रदीप सिंह मौजूद रहे।


जींद। बैठक में भाग लेते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**आध्धी हो ग्यी मेरी कमाई**

मुझे नफरत से मत सींचो मुझे आबाद रहने दो। सुधीर नैन ने कहा कि संविधान रख ताक पर किया जब जातीय अपराध। फरियाद फिर करें कहां जुल्मी बैठा हो सब साध। राममेहर सिंह कमेरा ने सामाजिक विडंबना को चित्रित करती हरियाणवी रचना पढ़ी। बानगी देखिए आध्धी हो ग्यी मेरी कमाई। पूत कै मुंह पै शिकन नि आई। दो करम के रस्ते बाबत। कटकै मर गे भाई-भाई। मंगतराम शास्त्री ने लडना सै तो खुद की गेल्यां लड़ भाई, नफरत की दलदल म्हं ना तूं सड़ भाई। भे ले यार तगार प्यार के पाणी तै, मन का महल चिणां गे राछ पकड़ भाई। जलेस जींद के सरंक्षक धर्मपाल पांचाल ने बैठक में बोलते कहा कि हमें अपनी गतिविधियों को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए


सीवन। आयोजित बैठक में पहुंचे सदस्य व ओम प्रकाश मुटरेजा।

### स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी

सीवन। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक सीवन की मासिक बैठक राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि, सीवन के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान नन्द लाल रहेजा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्वच्छ भारत मिशन, कैथल के जिला सदस्य ओम प्रकाश मुटरेजा उपस्थित रहे। सदस्यों को स्वच्छता अभियान, प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण तथा पेड़ लगाने के महत्व पर विस्तृत चर्चा के माध्यम से जागरूक किया। ओम प्रकाश मुटरेजा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हम अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने की आदत डालें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव स्वतः आएगा। उन्होंने जलस्तर में लगातार हो रही गिरावट पर चिंता जताते हुए वर्षा जल संचयन, पानी बचाने की आदत डालने तथा नलकूपों के अनियंत्रित दोहन को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और देखभाल करने का आह्वान किया।

### नौजवानों की बेबसी: अमेरिका से बेड़ियों में लौटे 50 युवा: सांसद

कैथल। हरियाणा के युवाओं की बेरोजगारी और मजबूर पलायन की दर्दनाक कहानी एक बार फिर सुर्खियों में है। अमेरिका से डंकी रूट से गए 50 हरियाणवी युवाओं को बेड़ियों और हथकड़ियों में जकड़कर दिल्ली लाया गया, जिनमें से 15 कैथल जिले के हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसे भाजपा सरकार की नाकामी का प्रतीक बताते पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर जोरदार हमला बोला है। सुरजेवाला ने भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर प्रहार करते कहा कि हरियाणा व कैथल में अमेरिका से आई 'भाजपा निर्मित पलायन के श्राप' की एक और किस्त, प्रदेश के नौजवानों की बेबसी और बदहाली को बयां कर रही है। हरियाणा के 50 बच्चे बेड़ियों में लौटे, जिनमें 15 बच्चे कैथल के हैं। पीएम मोदी की हालिया चुनावी रैली का जिक्र करते तंज कसा है।

### फ्री चेकअप कर दवाइयां वितरित की

कैथल। जनता की सेवा को प्राथमिकता देते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने वार्ड 31 में एक अनोखी पहल की शुरुआत की। 'आदित्य चलता फिरता हॉस्पिटल' इस मोबाइल मेडिकल वैन के जरिए सैकड़ों वार्डवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप किया गया तथा आवश्यक दवाइयां मुफ्त में वितरित की गईं। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता की दहलीज तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास है, जो विशेष रूप से उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है जो दूर-दराज के इलाकों में रहते हैं और सरकारी अस्पतालों तक पहुंचने में असमर्थ होते हैं। आदित्य चलता फिरता हॉस्पिटल' यह मेडिकल वैन जिसमें अनुभवी डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध हैं। यह आदित्य चलता फिरता हॉस्पिटल कैथल हल्के के हर गांव व वार्ड में जा रही है, जहां सामान्य चेकअप के अलावा ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, सामान्य दवाइयां और स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जा रहा है। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। हमारा प्रयास है कि कोई भी नागरिक इलाज के अभाव में परेशान न हो।



कैथल। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि


जवाहर पार्क में लोगों को साइबर जागरूकता की जानकारी देते पुलिस कर्मचारी।

### साइबर अपराध से बचाव बारे किया जागरूक

कैथल। थाना साइबर क्राइम कैथल से एएसआई प्रदीप कुमार की टीम ने जवाहर पार्क कैथल में पहुंचकर लोगों को साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। टीम द्वारा उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि ऑनलाइन खरीदारी, लोन एप, जॉब ऑफर, क्यूआर कोड, बैंक कॉल या फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। ऐसे में किसी भी लिंक, कॉल या मेसेज पर अपनी निजी जानकारी, ओटीपी, बैंक डिटेल या डेबिट कार्ड नंबर साझा न करें। टीम ने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। साथ ही, जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है, इसलिए अपने परिवार व मित्रों को भी इन बातों के बारे में जरूर बताएं।

### साप्ताहिक सत्संग संपन्न

नरवाना। स्थानीय आर्य समाज में आज रविवारिय सत्संग संसार के सर्वश्रेष्ठ कर्म देवयज्ञ से आरंभ किया गया। जिसमें यजमान के आसन पर इंद्रजीत आर्य प्रधान आर्य समाज नरवाना उपस्थित रहे और पुरोहित मिथिलेश शास्त्री ने यज्ञ संपन्न करवाया। यज्ञ उपरांत पूर्व प्रधान आदित्य एवं अनिल आर्य ने ईश्वर भजन व गीत प्रस्तुत किया। आर्य समाज के प्रधान इंद्रजीत आर्य ने कहा कि शरद ऋतु का आगमन होने वाला है। सभी आर्यजन व नर नारी गर्म वस्त्रों की व्यवस्था करें और जो गरीब दीन हीन व्यक्ति है, उन्हें गर्म वस्त्र दान करके उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। सब को समान रूप से जीने का अधिकार दिलाना ही श्रेष्ठ कर्म और आर्य धर्म है। तत्पश्चात मिथिलेश शास्त्री पुरोहित आर्य समाज नरवाना ने ऋग्वेद का एक मंत्र पर विचार देते हुए कहा कि जिस तरह से सतु को चलनी से छान कर उसके अंदर से इतर पदार्थ और करकश को शुद्ध कर निकाल कर खाने में प्रयोग करते हैं। ठीक उसी प्रकार वाणी को बोलने से पहले मन और बुद्धि से विचार करके बोलना चाहिए।


नरवाना। यज्ञ में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बता कार्यक्रम

जींद। गांव जलालपुर खुर्द में बूथ नंबर 174 में हम सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसमें रामकुमार भारद्वाज जी, देवीदास बाल्मीकि, सुरेंद्र सैनी, सुरेश, रामेहर जी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों व नेताओं की गौरवपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम रामकुमार के निवास स्थान पर आयोजित किया गया। संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का यह 127वां एपिसोड रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव का जिक्र करते कहा कि इस बार स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में भारी उछाल है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की। जिसका जिला वासियों ने स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि आज मैं अपने मन की बात कर रहा हूं। पूरे देश में इस समय त्योहारों का उल्लास है। हम सबने कुछ दिन पहले दीपावली मनाई है और अभी बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा में व्यस्त हैं।


नगूरां पंचायत भवन में दूसरे दिन शिविर में रजिस्टेशन करवाती पात्र महिलाएं।

### 40 महिलाओं ने करवाया रजिस्ट्रेशन

अलेवा। नगूरां गांव के पंचायत भवन में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत दो दिवसीय शिविर के आखिर दिन 40 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसकी अध्यक्षता सीपीएलओ मोनिका ने की। सीपीएलओ मोनिका ने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और जीवन स्तर को सुधारने के लिए अच्छी पहल है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रूपये प्रति माह आर्थिक सहायता मिलेगी। इस योजना से जुड़े लोगों के कागजातों को पूरी बारीकी से जांचा जा रहा है। जहां कागजातों में कमी मिलती है। उनको दुरस्त करने के लिए बोला जा रहा है। इस योजना से जुड़े लोगों के कागजातों में काफी कमियां देखने को मिल रही है। जिसके कारण लोगों की आइडी अपडेट होने में दिक्कत आ रही है। आंगनबाड़ी वर्कर सुदेश ने पात्र महिलाओं को आहन किया कि वे जल्द से जल्द इस योजना के लिए अपना पंजीकरण करवाएं ताकि उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके। आंगनबाड़ी वर्कर सुदेश, निर्मला, सुनिता तथा आशा वर्कर बिमला, सुनिता, शंकुतला आदि उपस्थित थी।

## आप महिला प्रदेश अध्यक्ष डा. रजनीश जैन को कुरुक्षेत्र का भी प्रभारी बनाया

**डा. जैन पहले से कैथल का प्रभार संभाल रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आप हरियाणा ने संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष डा. रजनीश जैन को कुरुक्षेत्र जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। डा. जैन पहले से ही कैथल जिले का प्रभार संभाल रही हैं और अब कुरुक्षेत्र का दायित्व मिलने से उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता पर पार्टी का भरोसा और गहरा हुआ है। डा. रजनीश जैन लंबे समय से पार्टी से जुड़ी हैं और अपनी निष्ठा, संगठनात्मक क्षमता एवं समाजसेवा के कार्यों के लिए जानी जाती हैं। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छ राजनीति जैसे विषयों पर जनजागरण अभियान चलाए हैं। उनके मार्गदर्शन में कैथल जिले में संगठन ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। पार्टी की प्रदेश नेतृत्व टीम का कहना है कि डा. रजनीश जैन की कार्यशैली हमेशा जमीनी स्तर पर जनता से जुड़ाव रखने वाली रही है। उनकी लोकप्रियता और कार्यशक्ति को देखते कुरुक्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण जिले का जिम्मा उन्हें सौंपा गया है।

**संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे**



इस अवसर पर डा. रजनीश जैन ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी और प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मेरा लक्ष्य कुरुक्षेत्र और कैथल दोनों जिलों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना और जनता की आवाज को मजबूती से उठाना रहेगा। अरविंद केजरीवाल की स्वच्छ और जनहितकारी राजनीति को घर-घर तक पहुंचाना मेरा मिशन है। आम आदमी पार्टी जनता की सच्ची आवाज है और हम हरियाणा में बदलाव की बयार लाने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। डा. रजनीश जैन ने यह भी बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील कुमार गुप्ता ने जींद, सोनीपत और कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया है और नई जिला कार्यकारिणी का जल्द निर्माण किया जाएगा।



अलेवा। नगूरां जलघर में पीने के पानी की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### पानी में क्लोरीन की जांचा

अलेवा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वच्छ पेयजल को लेकर नगूरां जलघर व गांव में पीने के पानी में क्लोरीन की जांच की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगूरां गांव के जलघर तथा गांव में पीने के पानी में क्लोरिन की जांच की। जिसमें जलघर व गांव की सप्लाई में क्लोरीन की मात्रा उचित मानक के हिसाब से पाई गई। टीम ने जब तक जल सुरक्षित है, तब तक कल सुरक्षित है नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि गंदे व दूषित पानी से दस्त, हैजा, टाइफाइड, पीलिया, पेचिश और पोलियो आदि बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। क्लोरिन पानी से हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस व अन्य सूक्ष्म जीवों को मारकर पीने के पानी को कीटाणु रहित करता है। जिससे जलजनित बीमारियों को रोका जा सकता है। इस प्रक्रिया से उपचारित पानी उपभोक्ता के घर तक सुरक्षित पहुंचता है।

## बच्चों की शिक्षा के लिए पहला कदम फाउंडेशन ने उठाया कदम

# कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता: वशिष्ठ

**बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने का किया जाएगा प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समाज में शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पहला कदम फाउंडेशन ने गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने बताया कि संगठन लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय है लेकिन अब उसने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल की है, जिसके तहत ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और जिनके परिवार अपनी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं कर पाते। राजेश ने कहा कि आज भी देश के कई हिस्सों में ऐसे परिवार हैं जिनके पास दो वक्त की रोटी जुटाना ही एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने या उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ रहते हैं। इस स्थिति को देखते पहला कदम फाउंडेशन ने निर्णय लिया है कि वह इन बच्चों को न केवल शिक्षा से जोड़ेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगा। फाउंडेशन ने विभिन्न राज्यों और जिलों में ऐसे बच्चों की पहचान शुरू कर दी है। जहां भी जरूरत महसूस की जा रही है, वहां फ्री शिक्षा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, स्वच्छता, और जीवन कौशल की भी शिक्षा दी जा रही है।


जींद। बच्चों के साथ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**नेक कार्य में सहयोग करें**

उद्देश्य यह है कि ये बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर सम्मानजनक जीवन जी सकें और भविष्य में अपने परिवारों को गरीबी के चक्र से बाहर निकाल सकें। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि फाउंडेशन का लक्ष्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना है। इसके लिए फाउंडेशन स्थानीय शिक्षकों, समाजसेवियों और स्वयंसेवकों की मदद से एक मजबूत नेटवर्क तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चे को सीखने और आगे बढने का समान अवसर मिले। उन्होंने यह भी बताया कि फाउंडेशन ने देश के विभिन्न राज्यों में अपने जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है। सभी जिलों में टीमों का गठन किया जा रहा है। जो जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचकर बच्चों को शिक्षा से जोडने का कार्य करेंगी। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि यह अभियान केवल एक सामाजिक पहल नही बल्कि एक आंदोलन है, जो समाज में शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन लाने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में सहयोग करें।


खरकभूरा खेल स्टेडियम में सम्मानित की खिलाड़ी मानसी, कोच विवेक सांगवान।

### अंडर-14 में मानसी ने मारी बाजी

उचाना। प्रदेशस्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी छलांग में प्रथम स्थान पाने वाली खरकभूरा गांव की बेटी मानसी को खेल स्टेडियम खरकभूरा में कार्यक्रम आयोजित करके सम्मानित किया गया। लंबी कूद में मानसी ने 4.62 मीटर लंबी छलांग लगा कर प्रथम स्थान पाया था। मानसी गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी की 7वीं कक्षा की छात्रा है। स्कूल संस्था के सचिव राजकुमार , प्राचार्या सविता सिंगला भी कार्यक्रम में पहुंची। स्कूल की तरफ से 11 हजार की राशि एवं स्कूल में खेल, शिक्षा का खर्च स्कूल प्रबंधन कमेटी द्वारा वहन करने का आश्वासन दिया। मानसी को कार्यक्रम में खुली जीप में जुलूस के साथ लाया गया। पूरे गांव की गलियों से होकर ये जुलूस निकला। फरीदाबाद में आयोजित अंडर-14 में मानसी प्रथम रही। ग्रामीणों द्वारा खिलाड़ी मानसी को 1 लाख 11 हजार की राशि एवं ट्राफी के साथ सम्मानित किया। कोच विवेक सांगवान को 11 हजार की राशि एवं ट्राफी के साथ सम्मानित किया। सरपंच प्रतिनिधि मा. संजीव कुमार, पूर्व सरपंच आत्माराम, लेक्चरर प्रमोद कुमार, पृथ्वी सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के मन की बात से मिलती है महत्वपूर्ण जानकारी : नवीन जिंदल

# प्राकृतिक खेती और स्वच्छता की दिशा में सभी नागरिक आगे बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सांसद नवीन जिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की सराहना करते हुए आमजन से इसे निरंतर देखने का आह्वान किया, ताकि देश की प्रगति के लिए नए विचार और प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि आज के 127 वें एपिसोड में भी भारतीय सेना में शुआन (कुत्ता) की देशी नस्ल को शामिल करने जैसी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

इसके अलावा उनके महत्वपूर्ण जानकारी कार्यक्रम में दी गई। सांसद जिंदल रविवार को गांव जांबा में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की के आयाम छू रहा है। पूंडरी हलके में विधायक सतपाल जांबा ने भी अपनी अलग पहचान बनाई है। विधायक ने स्वच्छता और प्राकृतिक खेती में अच्छा कार्य करके दिखाया है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वच्छता में जांबा गांव जैसा कोई दूसरा गांव नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां सफाई होगी, वहां भगवान का वास होता है। विधायक ने पूरे हलके के हर गांव को साफ-सुथरा करने की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता, हम सबको मिलकर स्वच्छता की इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करना है और सफाई की दिशा में विदेशों के गांवों को टक्कर देनी है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि हमें अपने-अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना चाहिए।

**स्वच्छता की दिशा में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नहीं है जांबा जैसा कोई गांव**

**विधायक सतपाल जांबा की कड़ी मेहनत लाई रंग**

**80 एकड़ में प्राकृतिक खेती कर बने अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत**



पूंडरी। सांसद नवीन जिंदल पूंडरी में विधायक सतपाल जांबा के साथ लोगों से मिलते हुए तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

सांसद नवीन जिंदल ने आगे कहा कि हमें अपने मंदिर रूपी शरीर का भी ध्यान रखना चाहिए। हमें सात्विक के साथ-साथ पौष्टिक आहार लेना चाहिए। प्राकृतिक खेती और जैविक खेती की तरफ अपने कदम बढ़ाने जरूरी है। जोकि आज की जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि डेढ़ वर्ष पहले पद्मश्री से सम्मानित डॉ. हरिओम से मिला था। प्राकृतिक खेती को लेकर राज्यपाल आचार्य देवव्रत के भाषणों को सुना था। इसके बाद डॉ. हरिओम से कुछ किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए बात हुई थी। विधायक सतपाल जांबा ने भी डॉ. हरिओम द्वारा दिए गए तीन दिवसीय प्रशिक्षण अच्छे से लिया।

विधायक ने अपनी जमीन के 90 प्रतिशत खेती प्राकृतिक खेती की, जोकि वह पूरे हलके के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आचार्य देवव्रत के सपने को साकार करने का काम किया जा रहा है। हमें अपने देश की तरक्की के लिए प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। इससे पहले सांसद नवीन जिंदल ने गांव मोहना स्थित विधायक सतपाल जांबा के फार्म का निरीक्षण किया और गहनता से जानकारी हासिल की और फसल का मुआयना किया। सांसद ने पूंडरी गुरुकुल में जिम का रिबन काटकर उद्घाटन भी किया।

विधायक सतपाल जांबा ने सांसद नवीन जिंदल का स्वागत करते हुए कहा कि पूंडरी हलका में गांव जांबा ही नहीं, अपितु पूरा पूंडरी हलका प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। स्वच्छता हो या फिर हलके के विकास की बात हो पूंडरी हलके के लोग एक साथ मिलकर आगे बढ़ने का कार्य करेंगे।

इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, डॉ. हरिओम, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, सरदार जगविंद्र सिंह विर्क, कैलाश भगत, सुभाष हजवाना, सतपाल चुघ, जांबा सरपंच लाभ सिंह, ऋषि कुमार, मनोज राणा, राजेश बरसाना, आदि मौजूद रहे।

**मन की बात**

## पीएम के विकसित भारत संकल्प में स्वदेशी अभियान, आत्मनिर्भरता मूल मंत्र साबित होंगे : देवेंद्र अत्री



उचाना। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प में स्वदेशी अभियान व आत्मनिर्भरता मूल मंत्र साबित होंगे। आज प्रत्येक भारतीय का दायित्व है कि वो बाजार में स्वदेशी उत्पादों को खरीदे और अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने प्रबुद्धजनों से स्वदेशी अनुकूल विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वे रविवार को उचाना शहर के आर्य समाज मंदिर पहुंचे थे। यहां पर पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें संस्करण को बूथ नंबर 160 पर भाजपा पदाधिकारियों, कायकर्ताओं एवं आमजन के साथ सुना। उन्होंने कहा स्वदेशी का विचार हमारे लिए नया नहीं है, यह हमारी स्वतंत्रता का आधार रहा है। आज हमें मिलकर यह संकल्प लेना है कि हम स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भरता के कदमों के साथ देश को विकसित भारत बनाने में भरपूर योगदान देंगे। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का जीर्णोद्धार हो, उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण हो या केदारनाथ का पुनर्निर्माण हो, यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का पुनर्जागरण है। अत्री ने प्रबुद्ध जनों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने व उनकी बिक्री को बढ़ावा देने का आह्वान किया, ताकि मेक इन इंडिया को मेक फॉर द वर्ल्ड बनाने में सबका योगदान रहे। विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने व्यवस्था को आमजन के लिए सरल बनाते हुए इस व्यवस्था में बिचौलिए से लेकर भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है, जिसका मार्ग आत्मनिर्भरता से होकर जाता है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार पर 11 सालों से आम आदमी का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में दुनिया में 11वीं अर्थव्यवस्था भारत आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशभर में जनजागरण का माध्यम बनी: कमलेश ढांडा



कलायत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर रविवार को कलायत में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत के आवास पर विशेष आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने शिरकत की। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता, नगर पालिका जन प्रतिनिधि व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशभर में जनजागरण का माध्यम बन चुका है। यह समाज के हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण से जोडने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इससे प्रेरित होकर लोगों वोकल फॉर लोकल के संकल्प के तहत स्वदेशी उत्पादों की जमकर खरीदारी की। इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम बढ़े हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उठाई गई स्वच्छता की मुहिम अब जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। देश के विभिन्न हिस्सों में लोग स्वच्छता को लेकर नई पहल कर रहे हैं। समाज में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कलमेश ढांडा ने सभी से पीएम के मन की बात कार्यक्रम से जुडने की अपील की। साथ ही प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प करवाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने स्थानीय स्तर पर जनसेवा और स्वच्छता अभियानों को अपेक्षाकृत अधिक गति देने की अपील की। इस दिशा में हर किसी से सहयोग का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन राणा, वीरेंद्र राणा, पार्षद प्रतिनिधि रामकुमार धानियां, महीपाल पंवार, राजेश बैदी, धर्मपाल धीमान, सतीश धीमान, नीटू राणा और अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा का महिलाओं ने हरियाणवी परंपरा से अभिनंदन किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा बनी विकास और विश्वास का पर्याय : कंसल

सीवन। भाजपा सरकार ने हरियाणा में जिस पारदर्शी और जन सेवा मुखी शासन व्यवस्था की नींव रखी है, वह आज विकास और विश्वास का पर्याय बन चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में प्रशासनिक ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की नई मिसाल कायम हुई है। जनकल्याण की योजनाओं ने न केवल आम नागरिक तक राहत पहुंचाई है, बल्कि शासन को लोगों के द्वार तक ले आई हैं। उक्त विचार भाजपा नेता व पार्षद संजय कंसल ने एक पत्रकार वार्ता में कहे।

### कवि सुरेश कुमार कल्याण जींद में हुए सम्मानित

कैथल। साहित्य सभा कैथल से जुड़े,अखिल भारतीय साहित्य परिषद्,हरियाणा की ज़िला इकाई कैथल के आजीवन सदस्य,शिक्षक-कवि सुरेश कुमार कल्याण को जींद की साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था द्वारा श्रीमती गुलाबो देवी-जयसिंह साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।जींद के हिंदी भवन में आयोजित संस्था के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान-समारोह में सुरेश कुमार कल्याण को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के हिंदी एवं हरियाणवी प्रकोष्ठ के निर्देशक डा० धर्म देव विद्यार्थी, संस्था के पूर्व अध्यक्ष रामफल खटकड़, संस्था की वर्तमान अध्यक्षा शकुंतला काजल शकुन और कविराज रामकुमार भारतीय अलेवा ने अपने कर-कमलों से सम्मानित किया।

### श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति की बस रवाना

कैथल। श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा दो दिवसीय धार्मिक यात्रा के लिए निशुल्क बस रवाना श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम व खाटू श्याम धाम की यात्रा के लिए 63 वीं बस यात्रा को रवाना किया गया। इस बस यात्रा में 61 श्रद्धालू धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए रवाना हुए संस्था के सचिव प्रवीण गर्ग ने नारियल फोड़कर व पूर्व प्रधान कृष्ण सिंगला ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान राजेश गोयल, चेयरमैन प्रीति पाल बंसल, सुरेश गर्ग सोंगल ने बताया कि संस्था द्वारा हर मांस निशुल्क बस यात्रा धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु भेजी जाती है।

### पंजाब के रावी नदी इलाके में बंटी बाढ़ राहत सामग्री

कैथल। पंजाब हरियाणा में बरसात के मौसम में आई भयंकर बाढ़ ने बहुत से इलाकों में तबाही मचाई वहां पर लोगों की जान माल व आर्थिक बहुत भारी नुकसान हुआ। उस समय हरियाणा से पंजाब के लिए हर गांव गांव से बाढ़ राहत सामग्रियां भेजी गई और उसी प्रकार से पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने भी 24 अक्टूबर को रावी नदी के इलाके करतारपुर व डेरा बाबा नानक के इलाके वाले गांव में जाकर राहत सामग्री में सर्दी के मौसम को देखते हुए वस्त्र व आर्थिक मदद पंजाब के पूर्व सैनिकों द्वारा चिन्हित किये गए।



# तनाव को दूर करने के लिए अनूठा प्रयास

**राज्य अपराध शाखा कर्मचारियों द्वारा सहकर्मी को जन्मदिन मनाकर दिया सरप्राइज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले दिनों आईपीएस वाई पूरन कुमार एवं एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्याओं के हाई प्रोफाइल मामलों के चलते पुलिस विभाग फैले तनाव के माहौल से निपटने के लिए जींद पुलिस कर्मचारियों ने अनूठा प्रयास किया है। उल्लेखनीय है कि यह दोनों आत्महत्याएं मीडिया एवं आमजन के साथ-साथ हरियाणा पुलिस के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच भी चर्चा का मुख्य विषय बनी हुई है। इसके चलते पुलिस कर्मचारी काफी तनाव महसूस कर रहे है। इसी संबंध में स्थानीय राज्य अपराध शाखा के कर्मचारियों द्वारा निरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में एवं निरीक्षक कर्ण सिंह की अध्यक्षता में शाखा में कार्यरत ईएचसी जोरा सिंह शिमला को शाखा में तैनात सभी कर्मचारियों द्वारा विशेष सरप्राइज देते हुए जन्मदिन पर सरप्राइज केक सेरेमनी का आयोजन किया गया।



पुलिस लाइन्स में सह कर्मी का जन्मदिन मनाते राज्य अपराध शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी।

### जन्मदिन का केक, टोपी, गिफ्ट एवं मिठाइयां बांटी

स्थानीय पुलिस लाइन स्थित राज्य अपराध शाखा के इंचार्ज निरीक्षक कृष्ण कुमार एवं कर्ण सिंह को पता लगा कि उनके अधीनस्थ ईएचसी जोरा सिंह का जन्मदिन है और जल्द ही उनकी एएसआई पद पर पदोन्नति होने वाली है। उन्होंने अपने कुछ साथी कर्मचारियों को जोरा सिंह और अन्य कर्मचारियों को बिना बताए उनका जन्मदिन मनाने की तैयारियां करने का निर्देश दिया। इस पर चुपचाप जन्मदिन का केक, टोपी, गिफ्ट एवं मिठाइयां का प्रबंध किया गया। सभी तैयारियां पूर्ण होने पर जोरा सिंह एवं अन्य कर्मचारियों को बुलाया गया एवं एक सरप्राइज केक टोपी पहना कर उनसे तालियों एवं जन्मदिन की शुभकामनाओं के बीच कटवाया गया। इससे साथी कर्मचारियों द्वारा ऐसे सरप्राइज आयोजन से खुश होकर 45 वर्षीय जोरा सिंह शिमला की आंखें नम हो गई। इसमें विशेष बात यह रही कि उन्हें खुद अपना जन्मदिन याद ही नही था। क्योंकि उन्होंने या परिवार ने पहले कभी जन्मदिन नहीं मनाया था। उन्होंने बताया यह उनके जीवन में पहला अवसर है जब उनका जन्मदिन मनाया गया। निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि यह सब पुलिस में बढ़ते तनाव के बीच सभी सहकर्मियों की छोटी छोटी खुशी को ध्यान में रखते हुए तनाव को कम करने के तरीके से और आपसी तालमेल को बढ़ाने के लिए किया गया।



कैथल। एमडी लाभ सिंह लैलर तथा प्रधानाचार्या मीनू नरवाल अन्य अध्यापकों के साथ ।

## इंगलिश लेंगुएज एंड लिटरेचर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम संपन्न

कैथल। राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल में सीबीएसई द्वारा इंगलिश लेंगुएज एंड लिटरेचर विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल, एमडी लाभ सिंह लैलर, तथा मुख्य अतिथि और रिसोर्स पर्सन ला गैतम और श्वेता गर्ग ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सभी अध्यापकों ने गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए सामूहिक प्रार्थना की। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को रोचक गतिविधियों, नवीन शिक्षण दृष्टिकोणों तथा खेल-खेल में विषय पढ़ाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। यह प्रशिक्षण नई शिक्षा नीति के अनुरूप रहा, जिसमें शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं प्रभावी कक्षा प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कैथल सहित आस-पास के जिलों से आए शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने कहा कि सीबीएसई द्वारा प्रत्येक शिक्षक के लिए 50 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है, जिससे शिक्षकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षण अनुभव प्राप्त होता है। उन्होंने कहा — "शिक्षा ग्रहण करने की कोई आयु नहीं होती, मनुष्य जीवनपर्यंत सीखता रहता है।" विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान एवं आवश्यक सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की समर्पित टीम — अशोक, गौरव धीमान, राजीव, अंजू धीमान, गीता गर्ग, दीप्ति, मोनिका मदान तथा अन्य सहयोगी सदस्यों द्वारा किया गया।

# भाजपा सरकार कर रही है किसानों के साथ मजाक: सांसद रणदीप सुरजेवाला

ढांड। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला गांव सलेमपुर महदूद में एक जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे जहां पर उनका कार्यक्रम के आयोजक रणबीर सिंह (राणा) व अन्य सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। गांव सलेमपुर महदूद में जनसभा को संबोधित करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि एक बार फिर भाजपा सरकार किसानों की 6 महीने की मेहनत की कमाई को आने पोने दाम पर खरीद कर रही है। उन्होंने कहा कि जो प्रति एकड़ का ठेका (पट्टा) का रेट 60 से 70 हजार रुपए पहुंचा हुआ है लेकिन हरियाणा सरकार ने जो किसानों के लिए मुआवजे की घोषणा की है वह मात्र 7000 प्रति एकड़ है जो किसानों के साथ मजाक किया है और आज तक किसी भी किसान को 7 तक नहीं मिले इससे बड़ा मजाक और शोषण किसान का क्या हो सकता है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जो पीआर धान की 2389 के भाव वाला धान 2000 से मात्र 2100 रुपए तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि मात्र पीआर धान के अंदर ही करोड़ों रुपए का नुकसान किसानों का हो रहा है लेकिन भाजपा की सरकार किसानों की समस्या हल करने की बजाय किसानों के साथ धोखा और दुर्व्यवहार कर रही है।

# शिव शंकर कॉलेज जाखौली में हुई डी एलएड प्रथम वर्ष का प्रैक्टिकल परीक्षा

राजौंद। शिव शंकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन जाखौली में डी एल एड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन बड़े ही अनुशासित एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण कौशल,विषय ज्ञान और प्रस्तुति क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान डाइट कैथल से आए लेक्चरर चंदर किशोर एवं दलबीर सिंह नैण ने परीक्षकों के रूप में विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों की तैयारी की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षण क्षेत्र में और बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान परीक्षा की निगरानी के लिए सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना से आए ऑब्जर्वर शमशेर सिंह द्वारा की गई। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष,पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न करवाया तथा कॉलेज प्रबंधन के अनुशासन की प्रशंसा की। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षा शिक्षक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण भाग है।

## कैथल की बेटी नीति चौधरी इंग्लैंड में करेंगी शोध कार्य

कैथल। कैथल की होनहार बेटी नीति चौधरी प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप के तहत अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का नाम चमकाने जा रही हैं। कॉमनवेल्थ फेलोशिप के तहत इंग्लैंड में शोध कार्य के लिए उनका चयन हुआ है। इसके लिए उन्हें यूके वीज़ा भी प्राप्त हुआ है।यह नीति चौधरी की बड़ी सफलता है। चौधरी ने विशेष बातचीत में बताया कि वे आईआईटी रुड़की की शोध छात्रा हैं।हाल ही में उन्होंने अमेरिका के शिकागो, इलिनोइस में आयोजित 248वें ईसीएस मीटिंग में भाग लेकर देश का गौरव बढ़ाने का अवसर मिला। उन्हें इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी सरकार की तरफ से ट्रैवल अवॉर्ड मिला। भारत सरकार के इंटरनेशनल ट्रेवल स्पोर्ट ऑफ इंडिया ने उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा किया। मौजूदा स्थिति में अमेरिका का वीज़ा प्राप्त करना भारतीयों के लिए इन दिनों कठिन माना जा रहा है। लेकिन नीति की काबिलियत ने तमाम अड़चनों को मात देते हुए उत्कृष्ट उपलब्धियों से यह सफलता की उड़ान भरी।नीति की मेहनत और लगन ने हरियाणा प्रदेश के साथ-साथ बल्कि भारत को गर्वान्वित किया है। उनका यह सफर देश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनता नजर आ रहा है।उन्होंने साबित कर दिया मजबूत इच्छा शक्ति और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनकी इस उपलब्धि ने न सिर्फ हरियाणा बल्कि पूरे भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवांवित किया है।नीति की यह कामयाबी शिक्षा क्षेत्र और राजनैतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी है।



**अबतक अलग-अगल समय पर पांच बार पोर्टल खोला**

# यूजी व पीजी कोस में रिक्त सीटों पर दाखिले का आज अंतिम दिन

**इच्छुक विद्यार्थी 27 अक्टूबर तक फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला से सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिलेभर के विभिन्न कालेजों में यूजी व पीजी कोस में खाली पड़ी सीटों पर फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिले के लिए सोमवार को अंतिम दिन है। इच्छुक विद्यार्थी 27 अक्टूबर तक फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला से सकते हैं। इसके बाद उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाना मुश्किल है। क्योंकि नवंबर माह में विद्यार्थियों की परीक्षाएं शुरू होने की संभावना है और खाली सीटों पर दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अलग-अगल समय पर पांच बार पोर्टल खोला जा चुका है लेकिन अभी कालेजों में दस से 15 प्रतिशत सीट खाली बची हुई हैं। जिलेभर के 17 राजकीय व निजी कालेजों व सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। जिसमें से लगभग 1700 सीट खाली बची हुई हैं।

### 31 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी

पीजी कोर्स में दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा 31 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। तब से लेकर अबतक महाविद्यालयों में सीटें भरी नही हैं। शहर में गोहाना रोड पर स्थित राजकीय पीजी कालेज और राजकीय महिला कालेज में अभी भी सीट खाली बची हुई हैं। राजकीय पीजी कालेज में यूजी कोर्स में निर्धारित 1630 सीट में से 1394 सीटों पर दाखिला हो चुका है और 236 सीट अभी भी खाली हैं। बीएसससी इन फिजिकल साइंस में निर्धारित 300 में से 120 सीट पर दाखिला हो चुका है और 180 सीट खाली बची हुई हैं। बीकाम संकाय में 220 सीट में से 187 सीटों पर दाखिला हो चुका है और 33 सीट खाली बची हुई हैं। बीएससी इन लाइफ साइंस में 150 में से 148 सीटों पर दाखिला हो चुका है और दो सीट खाली हैं। बीसीए संकाय में 220 में से 115 सीट पर दाखिला हो चुका है और पांच सीट खाली हैं। बीबीए में 40 में से 37 सीटों पर दाखिला हो चुका है और बीए विथ मेजर इन मैथ में 40 में से 27 सीटों पर दाखिला हो चुका है और 13 सीट खाली बची हुई हैं।

### 398 सीटों पर दाखिला हो चुका है दाखिला

वहीं राजकीय महिला कालेज में बीए आट्र्स में 400 में से 398 सीटों पर दाखिला हो चुका है और दो सीट खाली हैं। बीए इंग्लिश में 40 में से 25 सीटों पर दाखिला हो चुका है और 15 सीट खली हैं। बीकाम संकाय में 200 में 107 सीटों पर दाखिला हो चुका है और 93 सीट खाली हैं। बीसीए संकाय में 60 में से 55 सीटों पर दाखिला हो चुका है और पांच सीट खाली हैं। बैचर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस संकाय में 60 में से 59 सीटों पर दाखिला हो चुका है और एक सीट खाली है।